केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

क्र सं. परीक्षा नियंत्रक/सीबीएसई/ई फाइल - 163685/ 2024 04 सितंबर, 2024

सेवा में,

प्रधानाचार्य

सभी सम्बद्ध विद्यालय

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

विषय : अभ्यर्थियों की सूची (एलओसी) में सही छात्र डेटा और विषय प्रस्तुत करने के लिए स्कूलों, छात्रों और अभिभावकों को सावधानी बरतने के संबंध में।

महोदया/महोदय,

सीबीएसई जल्द ही एलओसी प्रस्तुत करने और पंजीकरण की सुविधा शुरू करेगा। भारत व 26 अन्य देशों में सीबीएसई से संबद्ध 29940 स्कूल हैं । अपेक्षित है कि 2025 में दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में 40 लाख से अधिक छात्र उपस्थित होंगे। परीक्षा के सुचारु एवं सफलतापूर्वक संचालन हेतु, यह आवश्यक है कि छात्रों द्वारा स्कूलों के माध्यम से जमा की गई एलओसी और उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए विषयों को एलओसी में सही ढंग से भरा जाए।

पहले यह देखा गया है कि स्कूल/छात्र एलओसी जमा करने के बाद छात्रों के व्यक्तिगत डेटा के साथ-साथ उनके द्वारा प्रस्तावित विषयों को बदलते रहते हैं। यहां तक कि यह भी देखा गया है कि परीक्षा शुरू होने से ठीक पहले या परीक्षा के दिन, सीबीएसई को यह सूचित किया जाता है कि भरा गया डेटा गलत है और वे एलओसी में प्रस्तुत विषय के अलावा किसी अन्य विषय में उपस्थित होने का अनुरोध करते हैं। इन मामलों के कारण, परीक्षा का सुचारू संचालन प्रभावित होता है और परीक्षा के सुचारू, निष्पक्ष और सफल संचालन हेतु सुव्यवस्थित प्रणाली को परीक्षा के संचालन और परिणामों की घोषणा में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बोर्ड द्वारा यह सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे है कि स्कूल एवं छात्र सही ढंग से डेटा और विषय भरे। हालांकि, छात्र और स्कूल दोनों विभिन्न बहाने बनाते हैं और सही जानकारी प्रस्तुत नहीं करते हैं।

परीक्षा को सुचारू और सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए बोर्ड की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए, निम्नलिखित निर्णय लिए गए हैं :

1. एलओसी प्रस्तुत करने के बाद एलओसी में भरें गए **छात्रों के डेटा** को बदला नहीं जाएगा। सीबीएसई द्वारा मुख्य परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद ही सुधार का अनुरोध स्वीकार किया जाएगा।
2. एलओसी जमा करने के बाद किसी भी **विषय में सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी।** एक बार एलओसी में जमा किए गए विषय को अंतिम माना जाएगा।

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली-110092

"SHIKSHA KENDRA" 2, COMMUNITY CENTRE, PREET VIHAR, DELHI-110092

Phone (off.) : 011-22509256-59, 22041807-08, Website: www.cbse.gov.in, www.cbse.nic.in

3. यदि कोई छात्र/विद्यालय विषयों में सुधार करना चाहेगा तो केवल पूरक परीक्षाओं के लिए परीक्षा के आयोजन के बाद सुधार किया जायेगा। **ऐसे विषय, जो एलओसी में गलत तरीके से भरें गए हैं छात्र मुख्य परीक्षा में शामिल होने या न होने का निर्णय स्वयं लेंगे।** उनके परिणाम बोर्ड के परीक्षा उपविधि के अनुसार घोषित किये जायेंगे। इन निर्णयों को दसवीं कक्षा में गणित (मानक)/गणित (बेसिक) सहित सभी विषयों में क्रियान्वित किया जायेगा।
4. स्कूलों को निम्नलिखित कार्यवाही करने का निर्देश दिया जाता है :
   (i) सुनिश्चित करें कि प्रस्तुत किए गए छात्रों और विषयों का डेटा 100% सही है।
   (ii) जानकारी भरने से पहले वे अभिभावकों से सहमति प्राप्त करेंगे ।
   (iii) यदि अभिभावक ने एलओसी में जानकारी जमा करने से पहले हस्ताक्षर किए हैं, तो विषय में किसी भी स्तर पर परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

24 मई, 2024 को आयोजित की गई परीक्षा समिति की बैठक में उपरोक्त निर्णयों का अनुमोदन दिया गया और 24 जून 2024 को आयोजित सीबीएसई की शासकीय निकाय की बैठक में इसकी विधिवत पुष्टि की गई।

भवदीय

4/6

(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

वेब प्रशासन को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित प्रति।